तापमान

अधिकतम 45.4 डिग्री

न्यूनतम 22.3 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

12 अंबाला के उज्ज्वल भविष्य के लिए एतिहासिक...



12 इंसानियत व मोहब्बत का संदेश देता है ईद-उल-...



## खबर संक्षेप

### जिला न्यायालय में रक्तदान शिविर 30 को

**कुरुक्षेत्र।** समाज सेवा एवं मानवता की भावना को समर्पित एक रक्तदान शिविर का आयोजन 30 मई शनिवार को जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र स्थित पुस्तकालय में किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय रक्त की उपलब्धता किसी मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन भी किया जाएगा।

### आधुनिक कृषि यंत्रों पर भारी अनुदान देने की योजना

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों पर भारी अनुदान देने की योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत किसानों को व्यक्तिगत श्रेणी में कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना किसानों के हित में बेहद महत्वपूर्ण है।

### पहलवानों की मांग पर उपलब्ध करवाए पंखे

**उचाना।** कापड़ो गांव के शहीद उधम सिंह खेल स्टेडियम में पहलवानों के लिए चार दीवार वाले पंखे जियोनिक्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ये पंखे भेंट किए। संस्था डायरेक्टर गिरिश जैन कापड़ो ने बताया कि गर्मी के मौसम में पहलवान अभ्यास करते थे तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। पहलवानों की मांग पर संस्था द्वारा चार मांऊटींग पंखे भेंट किए ताकि पहलवानों को अभ्यास में परेशानी न हो। संस्था द्वारा निरंतर समाज सहित के कार्य किए जा रहे है।

### परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप


# यमुनानगर: निजी अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद महिला की जान गई

*पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा कर किया शांत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के रेलवे रोड स्थित एक निजी अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद एक महिला बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराने का प्रयास किया। मृतका की पहचान 28 वर्षीय एकता पत्नी चिराग अरोड़ा निवासी आजाद नगर के रूप में हुई है। एकता दिल्ली में एचडीएफसी बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत थी।

मृतका की मासी सास प्रतिभा ने बताया कि उसके भांजे चिराग अरोड़ा का दिल्ली और यमुनानगर में कार एसेसरीज का कारोबार है। करीब एक वर्ष पहले चिराग और एकता की शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों दिल्ली में रह रहे थे, लेकिन गर्भावस्था के चलते करीब दो



यमुनानगर। आजाद नगर निवासी मृतका एकता का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

माह पहले एकता अपने ससुराल आजाद नगर आकर रहने लगी थी। उसका इलाज रेलवे रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था। उसने बताया कि बुधवार को डिलीवरी के लिए एकता को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उस समय उसकी हालत सामान्य थी और उसे लेबर पेन भी शुरू नहीं हुआ था। आरोप है कि डॉक्टरों ने उसे इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उसे तेज दर्द शुरू हो गया और हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद डॉक्टरों ने सिजेरियन ऑपरेशन करने का फैसला लिया।

#### अस्पताल प्रशासन ने किया अभद्र व्यवहार

*अस्पताल प्रशासन ने किया अभद्र व्यवहार परिजन एकता के इलाज से संबंधित दस्तावेज लेने अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने डॉक्टरों से लापरवाही को लेकर सवाल किए तो वहां विवाद हो गया। उनका आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने उनसे अभद्र व्यवहार किया। विवाद बढ़ने पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझा कर शांत किया। बाद में पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी।*

उसने बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे ऑपरेशन हुआ और एकता ने एक बच्ची को जन्म दिया। उनका कहना है कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने मां और बच्ची दोनों को स्वस्थ बताया था। हालांकि दोपहर करीब तीन बजे डॉक्टरों ने परिवार को बुलाकर बताया कि एकता का ब्लड प्रेशर लगातार ऊपर-नीचे हो रहा है और अत्यधिक ब्लीडिंग हो रही है। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने एकता को मोहाली रेफर करने का निर्णय लिया। परिजनों का आरोप है कि मरीज की हालत गंभीर होने के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने उसे रेफर करने में करीब डेढ़ घंटे से अधिक का समय लगा दिया। जब वह एकता को एंबुलेंस के जरिए मोहाली स्थित फोर्टिज ले जा रहे थे तो थाना छप्पर के पास पहुंचते ही उसकी रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को वापस उसके ससुराल लेकर पहुंचे।

#### क्या कहते हैं डॉक्टर

*अस्पताल की डॉक्टर ममता ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि सिजेरियन ऑपरेशन के बाद मरीज को अत्यधिक ब्लीडिंग हो रही थी। जिसे रोकने के लिए अस्पताल की ओर से हर संभव प्रयास किए गए। परिजनों को मरीज की हालत के बारे में लगातार जानकारी दी जा रही थी। उसने बताया कि मरीज की बच्चेदानी काफी ढीली हो चुकी थी। जिसके कारण ब्लीडिंग नियंत्रित नहीं हो पा रही थी। डॉक्टर ममता ने कहा कि मरीज को रेफर करने से पहले उसकी स्थिति को स्थिर करने के लिए जरूरी उपचार दिया गया था ताकि रास्ते में कोई परेशानी न हो।*

# ट्रक के नीचे घुसी बाइक बाइक चालक की मौत

### शाहबाद में ईद के दिन दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जीटी रोड पर शाहबाद में ईद के दिन दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। शाहबाद एरिया में ट्रक के नीचे बाइक घुस गई। इसमें बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी व बेटा घायल हो गए। मृतक की पहचान युसुफ खान निवासी लंडा के रूप में हुई। युसुफ खान जीटी रोड पर पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता था।

आज ईद के मौके पर युसुफ अपनी पत्नी सबरी और बेटा सहबीर के साथ बाइक पर गांव से शाहाबाद आ रहा था। इसी दौरान उनके साथ हादसा हो गया। ट्रक काफी स्पीड से चल रहा था। इसी दौरान ड्राइवर ने एकदम ब्रेक लगा दिए, जिससे ट्रक के पीछे परिवार के साथ आ रहा युसुफ अपनी बाइक को रोक नहीं सका। युसुफ की बाइक ट्रक के नीचे घुस गई। ट्रक उस बाइक को सड़क पर काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। युसुफ बाइक के साथ ही फंस



गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युसुफ की पत्नी काफी शोर भी मचाया।

शोर-शराबा सुनकर हाईवे पर गुजर रहे लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। गंभीर हालत में घायल सबरी और सहबीर को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रेफर कर दिया।

युसुफ अपने परिवार के साथ ईद की खुशियां मनाने के लिए घर से निकला था। हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दी। जैसे ही युसुफ खान की मौत की खबर गांव लंडा पहुंची, पूरे गांव में शोक फैल गया। फिलहाल पुलिस ने ट्रक कब्जे में लिया है।

### रिकवरी के लिए लिया रिमांड पर

# 57 लाख रुपये की ठगी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा ने पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पेहवा की नंद कॉलोनी निवासी जसविंदर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है।

**विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति को लगाया था चूना, न विदेश भेजा न ही राशि वापस की**

***साढ़े तीन साल में ऐंठे 57 लाख रुपये:*** निरीक्षक परमवीर ने बताया कि पटियाला के मोलगढ़ दूधन सांधा गांव के जगीर सिंह ने 7 मार्च को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि जसविंदर सिंह और उसके साथियों ने जनसुआ गांव में उनके बेटे को विदेश भेजने का झांसा दिया था। आरोपियों ने 2 अगस्त 2024 से 14 जनवरी 2026 के बीच किस्तों में कुल 57 लाख रुपये ठग लिए। रकम ऐंठने के बाद न तो युवक को विदेश भेजा गया और न ही पैसे वापस किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी गई थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर मोहाली के थ्यौरी रिसोर्ट में दबिश देकर मुख्य आरोपी को पकड़ा। रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर ठगी की रकम बरामद की जाएगी और गिरोह से जुड़े अन्य सह-आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



इंद्री। गांव मुरादगढ़ के पास जंगल में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी।

### मुरादगढ़ के पास जंगल में लगी भीषण आग

**इंद्री।** इंद्री के गांव मुरादगढ़ के पास जंगल में गुरुवार दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे जंगल में खड़े पेड़-पौधे, सूखी झाड़ियां और साथ लगते खेतों में गेंहू के फाने जल गए। इंद्री व लाडवा से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कई घंटों की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इंद्री के मुख्य फायरमैन संजीव कुमार ने बताया कि दोपहर को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि गांव मुरादगढ़ के जंगल में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी अर्जुन कुमार, चेतराम और रजनीश मौके पर पहुंचे तो आग जंगल व पास के खेतों में गेहूं के फानों में लगी हुई थी। उन्होंने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग के भीषण होने के कारण लाडवा से भी एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मंगवानी पड़ी। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होने बताया कि इस आगजनी की घटना में जंगल के कई पेड़ झुलस गए, जबकि खेतों में गेहूं के फाने भी जल गए। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

- **फायर ब्रिगेड ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

### नन्हेड़ा गांव में युवक की मौत पर विवाद गहराया

# परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए गंभीर सवाल, शव उठाने से किया इनकार

*परिजनों और समाज के लोगों में भारी रोष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले के नन्हेड़ा गांव के खेतों में एक युवक का शव मिलने के मामले में विवाद लगातार गहराता जा रहा है। परिजनों और समाज के लोगों में भारी गुस्सा है और वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पोस्टमार्टम के बाद भी शव उठाने से साफ इनकार कर दिया है।

परिजनों का कहना है कि जब तक पुलिस मौत के कारणों को लेकर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं देती, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। सोनिया तंवर



और अमित तंवर समेत अन्य परिजनों ने पुलिस के इस तर्क पर नाराजगी जताई कि शव धूप में रहने के कारण जला है। परिजनों के अनुसार, शव के चेहरे और शरीर के कई हिस्सों पर तेजाब डाला गया था और नाक व मुंह से खून बह रहा था। इसे देखते हुए परिवार ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया है।

#### दोबारा होगा पोस्टमार्टम

इन्द्री थाना के एसएचओ राकेश कुमार ने बताया कि करनाल में बोर्ड द्वारा वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया गया था, लेकिन परिजन संतुष्ट नहीं हैं। इसके बाद शव को दोबारा पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# घरौंडा में विवाहिता ने लगाया फंदा मानसिक रूप से परेशान थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले के घरौंडा में एक विवाहिता द्वारा संदिग्ध हालातों में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार सुबह की है जब महिला का शव बंद कमरे में मिला। परिजनों के आने के बाद गुरुवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव उन्हें सौंप दिया गया।

मंगलवार की रात को पूरा परिवार गर्मी के कारण छत पर सोया हुआ था। बुधवार सुबह मृतका नीचे कमरे में आई और अंदर से दोनों दरवाजे बंद कर लिए। इसके बाद उसने साड़ी का फंदा बनाकर



आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 33 वर्षीय अमरावती के रूप में हुई है, जो मूल रूप से यूपी के गोंडा की रहने वाली थी। वह अपने पति सोनू कुमार और दो बच्चियों के साथ करीब 10 दिन पहले ही घरौंडा आई थी। अराईपुरा रोड पर किराए के मकान में रह रही थी। पति सोनू कुमार पीओपी का काम करता है।

# तरावड़ी में सुपर स्टोर से 1.5 लाख नकदी चोरी

*तीसरी मंजिल का तोड़ा दरवाजा, सीसीटीवी भी उखाड़ ले गए चोर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी शहर के मेन बाजार चौक में स्थित खुराना सुपर स्टोर पर बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। इतना ही नहीं, सबूत मिटाने के लिए चोर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर (रिकॉर्डिंग सिस्टम) भी अपने साथ ले गए।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान की तीसरी मंजिल पर बने लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर पिछले हिस्से से प्रवेश किया। नीचे आकर सीधे गल्ले को निशाना बनाया और उसमें रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब





तरावड़ी। तीसरी मंजिल का तोड़ा हुआ दरवाजा, सीसीटीवी कैमरे व निकाली गई डीवीडी। फोटो : हरिभूमि

दुकान मालिक हिमांशु खुराना दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने दरवाजा टूटा हुआ पाया और गल्ले से नकदी गायब मिली। साथ ही डीवीडी सिस्टम भी वहां से गायब था। दुकान मालिक हिमांशु खुराना ने बताया कि उनका काफी आर्थिक नुकसान हुआ है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद बाजार के अन्य दुकानदारों में भी डर का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी तरावड़ी में इसी तरह की चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे अन्य सीसीवीटी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

# थाईलैंड भेजने का झांसा देकर हड़पे साढ़े सात लाख रुपये

*धोखाधड़ी के आरोप में तीन आरोपियों पर केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की फ्रेंड कॉलोनी निवासी रूपेश कुमार ने तीन युवकों पर उसके ऑफिस का प्रयोग करके लोगों को थाईलैंड भेजने का झांसा देकर साढ़े सात लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की कमानी चौक स्थित फ्रेंड कॉलोनी निवासी रूपेश कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गोविंदपुरी में कार्यालय है। रूपेश कुमार ने बताया कि उसकी विजय डंगवाल, राजीव कुमार व अमित कुमार के साथ दोस्ती थी।

इस दौरान आरोपियों ने उसके ऑफिस में इमीग्रेशन कार्यालय खोल लिया। जहां आरोपियों ने लोगों को थाईलैंड भेजने का झांसा देकर उनसे करीब साढ़े सात लाख रुपये हड़प लिए। उसे जब इस बात की जानकारी मिली तो उसने आरोपियों से बात की। मगर आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# युवक को मिलने के बहाने बुलाकर किया तेजधार हथियारों से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

फरकपुर क्षेत्र की सुंदर विहार कॉलोनी निवासी महेश को कुछ साथियों ने उसे मिलने के बहाने बुलाकर उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में महेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- **पुलिस ने पांच आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज**

सुंदर विहार कॉलोनी निवासी महेश ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले समीर व कन्हैया के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय उसके अन्य दोस्तों ने बीच बचाव कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से दोनों आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। महेश ने बताया कि 26 की शाम साढ़े सात बजे आरोपियों समीर व कन्हैया ने उसे फोन कर कांसली क्षेत्र में मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपियों से मिलने के लिए गया तो आरोपियों ने अपने साथी आदित्य, पादी व विनय तथा अन्य के साथ मिलकर उस पर तेजधार हथियारों तथा उस्तरे से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

### यमुना बचाओ समिति सदस्यों ने उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

# यमुना नदी में बढ़ रहे प्रदूषण पर अंकुश लगाने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुना बचाओ समिति के सदस्यों ने वीरवार को लघु सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा। इस दौरान यमुना नदी में बढ़ रहे प्रदूषण पर अंकुश लगाने तथा नदी को बचाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई।

महेंद्र मित्तल के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने उपायुक्त से मुलाकात की। साथ ही यमुना के गिरते जल स्तर व बढ़ रही गंदगी पर रोष व्यक्त किया। समिति ने प्रशासन और संबंधित विभागों से नदी को बचाने के लिए तत्काल युद्ध स्तर पर कदम उठाने की पुरजोर मांग की। मांगपत्र में कहा गया कि जल आधारित त्योहार





यमुनानगर। जिला सचिवालय में उपायुक्त से मुलाकात करते यमुना बचाओ समिति सदस्य।

पर स्नान हेतु घाटों पर उचित व्यवस्था की जाए। औद्योगिक इकाइयों व सीवरेज का गंदा पानी सीधे यमुना में न छोड़ा जाए। क्योंकि पर्यावरण अनुकूल जल प्रवाह न होने के कारण इसका प्राकृतिक रूप खतरे में पड़ गया है। सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए ताकि एक भी बूंद गंदा पानी नदी में न गिरे।

नदी के किनारों पर अतिक्रमण हटाने और सफाई अभियान चलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। औद्योगिक कचरा सीधे नदी में डालने वाली फैक्ट्रियों पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई हो। समिति सदस्यों ने आम जनता से भी अपील की कि वे यमुना को स्वच्छ रखने में अपना अहम योगदान दें। मौके पर अरूणा कौशिक, माया, संजय मित्तल, विपिन गुप्ता, संदीप गांधी, रमेश चंद आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया केस

# दो युवकों ने बहला फुसलाकर किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**पीड़िता के पिता ने दी थाने में तहरीर मामले की जांच में जुटी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में दो युवकों ने किशोरी को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने किशोरी के पिता की शिकायत पर दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार फरकपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 वर्षीय लड़की की लक्की व वासु के साथ दोस्ती थी। इस दौरान आरोपियों ने उसे अपनी बातों में बहला फुसला लिया। गत तीन जनवरी को आरोपी उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गए। जहां आरोपियों ने उसकी लड़की के साथ गलत काम किया। व्यक्ति ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसकी लड़की को बहला फुसला कर उसके साथ गलत काम करते रहे। परेशान होकर उसकी लड़की ने घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ 17 व छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार




- आरोपी के कब्जे से पुलिस ने बरामद की चोरी की बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की बाइक बरामद हो गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को लेकर कलानौर बॉर्डर से होता हुआ यूपी जाएगा। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही रविंदर, जितेंद्र, संदीप, योगेश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक में आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने यह बाइक छह दिसंबर 2023 को बिलासपुर कोर्ट के बाहर से चोरी की थी। पूछताछ में आरोपी की पहचान पटाक माजरी रादौर निवासी हेमत उर्फ हर्ष के नाम से हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी पर पहले भी चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन है।

### बार-बार फोन कर रहा था युवक, युवती पहुंची थाने, केस दर्ज

- किसी और से मोबाइल नंबर लेकर युवती को परेशान कर रहा था युवक

**यमुनानगर।** कस्बा बूडिया में एक युवक बार-बार फोन कर युवती को परेशान कर रहा था। युवती ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बूडिया थाना क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नीशू के साथ जान पहचान थी। नीशू ने किसी अन्य से उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया। इसके बाद आरोपी उसे बार-बार फोन कर परेशान करने लगा। आरोपी उस पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर आरोपी ने उसे धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी नीशू के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अश्लील इशारे करने के आरोप में तीन के खिलाफ दर्ज हुआ केस

- अपशब्द बोलने और जान से मारने की धमकी देने का भी लगाया आरोप

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव की दो महिलाओं व एक व्यक्ति पर अपशब्द बोलने तथा अश्लील इशारे करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 27 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 मई को सुबह 10 बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उसकी गांव की ही माया देवी व कोमल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि आरोपियों ने उसे अपशब्द बोले। इस दौरान कुलदीप भी वहां आ गया। आरोपी ने उसे अश्लील इशारे किए और जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।



यमुनानगर। जगाधरी स्थित अशोक विहार कॉलोनी में बंद पड़े नाले को खोलने के अधिकारियों को निर्देश देतीं मेयर सुमन बहमनी व आयुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

## अशोक विहार में बंद मिला नाला, मेयर और आयुक्त खफा, दिए सख्त निर्देश

- मेयर व आयुक्त ने जांची जगाधरी के नालों की व्यवस्था, अवैध कब्जे हटाने के दिए निर्देश
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण संग समन्वय स्थापित कर व्यवस्था सुधारने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए नगर निगम लगातार पसीना बहा रहा है। वीरवार को मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने जगाधरी क्षेत्र के विभिन्न नालों का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड पांच की अशोक विहार कॉलोनी के पास जगाधरी-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे पर नाला बंद पड़ा मिला। मेयर और आयुक्त ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बंद पड़े नाले को जल्द खुलवाएं ताकि बरसात के दौरान पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके और आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि मानसून से पहले शहर के सभी बड़े और छोटे नालों की सफाई सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित एजेंसी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों से निकाली जा रही गाद को तुरंत उठाया जाए ताकि दोबारा नालों में रुकावट पैदा न हो। इसके साथ ही नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या अधिक रहती है वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। निगम की टीमें लगातार फील्ड में कार्य कर रही हैं और सभी नालों की गहराई तक सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जहां भी बाधा मिले, उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। मौके पर आयुष विभाग के पूर्व निदेशक सतपाल बहमनी, पार्षद भानू प्रताप, सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, कनिष्ठ अभियंता गगन संधू, सफाई निरीक्षक अमित कांबोज व सहायक सफाई निरीक्षक सचिन कांबोज आदि मौजूद रहे।

## डॉ. अर्चना को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा पार्टी की ओर से डॉ.अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के फैसले का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वीरवार को गांव लक्खा सिंह खेड़ी में लड्डू बांटकर खुशियां मनाई।

जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी ने कहा कि डॉ.अर्चना गुप्ता ने लंबे समय से पार्टी की सेवा की है। जिसका ईनाम उनको पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष बनाकर दिया है। भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत को ध्यान में रखकर पदभार सौंपती है। एक कार्यकर्ता भाजपा पार्टी के लिए आम नहीं होता, वह कभी भी बड़े मुकाम तक पहुंच सकता है। मौके पर चरण सिंह टोपरा, सुरिंदर टोपरा, नर सिंह, हरबंस सैनी, श्याम लाल पलाका, अंकुर, बलदेव व देव मुंजाल आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। लक्खा सिंह खेड़ी में लड्डू बांटकर खुशियां मनाते हैप्पी खेड़ी व अन्य।

## ग्लोब हेरिटेज के खिलाड़ियों ने जीते दो स्वर्ण व चार रजत पदक

**जम्मू में आयोजित हुई थी तीन दिवसीय राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जम्मू में आयोजित की गई तीन दिवसीय राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के छह खिलाडियों ने भाग लिया। जिन्होंने दो स्वर्ण व चार रजत पदकों के साथ कुल छह पदक जीते। खिलाड़ी भगत राम व सार्थक ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं रमनीत, एरिक, कुणाल व केशव ने रजत पदक जीता। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने खिलाडियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया वो सभी बधाई के पात्र हैं, क्योंकि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना ही अपने आप में महत्वपूर्ण है और उसमें पदक जीतना सोने पर सुहागा जैसा है। उन्होंने कराटे टीम के प्रशिक्षक को भी बधाई देते हुए कहा कि इसका श्रेय विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ साथ प्रशिक्षक को भी शत प्रतिशत जाता है, जो बच्चों को इतनी मेहनत कराने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने इस जीत को ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत बताते हुए कहा कि स्कूल में शैक्षिक अध्ययन के साथ बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, मानसिक विकास के लिए आर्ट एवं क्राफ्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर बच्चों को प्रतिभागिता हमेशा कराई जाती रहेगी।




यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### गोहत्या के खिलाफ बिगुल बजाने वाले चौधरी हरफूल जुलानी की पुण्यतिथि पर किया नमन



रादौर में जानकारी देते प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल।

**रादौर।** कसबे में सबसे पहले गोहत्या के खिलाफ बिगुल बजाने वाले चौधरी हरफूल जुलानी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। जाटसभा रादौर के तत्वावधान में उन्हें नमन किया गया। सभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने बताया कि 1892 में भिवानी जिले के लौहारू तहसील के गांव परावास में इनका जन्म हुआ था। बाद में ये जींद के जुलानीवाला गांव में बस गये। उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में भी अपना योगदान दिया था। उन्होंने हरियाणा व आसपास के क्षेत्र में 15 से अधिक बूचड़खानों को नष्ट कर दिया था। 1930 को चौधरी हरफूल जाट जुलानी वाले ने अकेले ने ही टोहाना जिला फतेहाबाद, हरियाणा का बूचड़खाना तोड़कर गौ हत्या के खिलाफ बिगुल बजाया था और एक शुरुआत की थी। उसके बाद जींद, नरवाना, रोहतक, गोहाना के बूचड़खाने भी खुद जा कर तोड़े और गौ माँ को मुक्त कराया। 28 मई 1936 में गौ रक्षा करने के जुर्म में इस महान गौपुत्र को फांसी की सजा दी गयी और फिरोजपुर पंजाब की जेल में फांसी के बाद उनकी देह को सतलुज में प्रवाहित कर दिया। बेजुबानों के लिए फांसी चढ़ने वाले ये एकमात्र गौपुत्र थे।

## सफाई करवाने के बाद भी नालों में जमा है गंदगी



- लोगों ने सफाई कर्मियों पर लगाया खानापूर्ति का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगरपालिका रादौर द्वारा मानसून के सीजन को देखते हुए नालों की सफाई करवाई जा रही है। लेकिन इसके बावजूद भी नालों में गंदगी जमा है। जिससे लोगों को बरसात के दिनो में नाले ओवरफ्लो होने का डर सताने लगा है। स्थानीय निवासी जसविंदर, सोनू, प्रवीण, राजेश, प्रदीप, सुखदेव आदि ने बताया कि नगरपालिका ने शहर में नालो की सफाई के लिए ठेके पर सफाई कर्मचारियों को लगाया है। ये कर्मचारी सफाई के नाम पर खानापूरी करके चले जाते है परंतु नालों से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। नगरपालिका अधिकारी केवल एसी कमरों में बैठकर ही पूरे शहर का जायजा ले लेते है। उन्होंने कहा कि नपा अधिकारियों को शहर में घूमकर नालों की साफ सफाई देखनी चाहिए। नगरपालिका अधिकारी व कर्मचारी जनता की सुनना तो दूर केवल एक दूसरे पर ही जिम्मेवारी डाल देते है। उन्होंने नगरपालिका अधिकारियों से मांग की कि नालों की अच्छी तरह से सफाई करवाकर एक बार देखने जरूर आए। जिससे ठेकेदार अच्छे से नालो की सफाई कर सके। वहीं शहर के छिंबी मोहल्ला में भी सफाई कर्मचारी नालों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है। जिससे न तो पानी की निकासी होती है और न ही गदंगी नालो से बाहर आती है। कर्मचारी केवल फोटो खिंचवाकर नालो की सफाई का दिखावा करते है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

नगरपालिका सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने बताया कि नगरपालिका की ओर से ठेकेदार को नालियां व नालो की सफाई को लेकर ठेका दिया गया है। जल्द से जल्द शहर के सभी नालों की सफाई करवा दी जायेगी।

### ईश्वर सिंह पलाका को सफाई आयोग का प्रदेश चेयरमैन बनाने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



**रादौर।** भाजपा की ओर से पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका को सफाई आयोग का प्रदेश चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष हरपाल मारूपुर के नेतृत्व में बुके भेंटकर ईश्वर सिंह पलाका को बधाई दी। हरपाल मारूपुर ने कहा कि ईश्वर सिंह पलाका को पार्टी ने सफाई आयोग का चेयरमैन नियुक्त कर उनको शानदार सम्मान दिया है। ईश्वर सिंह पलाका वर्षों से पार्टी की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। पार्टी ने अपने मेहनती कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेवारी सौंपते हुए उन पर विश्वास किया है। भाजपा पार्टी ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी, मंडल महामंत्री सतीश सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरपाल मारूपुर, विक्रम वाल्मीकि आदि मौजूद थे।

### मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की नमाज, एक-दूसरे को दी ईद की बधाई

# मुस्लिम समुदाय ने धूमधाम से जिलेभर में मनाया कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा

**ईद उल जुहा के मौके पर कई स्थानों पर दंगल का आयोजन भी किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इस्लाम धर्म में कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा वीरवार को मुस्लिम समुदाय ने जिले भर में धूमधाम से मनाया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की और एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। हिंदू समुदाय के लोगों ने भी मुसलिम समुदाय के लोगों के गले लगकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी।





यमुनानगर। कुर्बानी के त्योहार ईद-उल-अजहा के मौके पर मस्जिदों में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। फोटो : हरिभूमि

वीरवार सुबह से ही शहर की जामा मस्जिद समेत छछरौली, खिजराबाद, कोट, कोट कलसिया, रादौर, नगली, बुड़िया, मानकपुर आदि जगहों पर बनी मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजारों की संख्या में एकत्रित होकर नमाज अदा की। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे के गले लगकर सभी को ईद की बधाई दी। इस मौके पर छोटे बच्चों ने मस्जिदों के बाहर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी की। ईद उल जुहा के मौके पर कई स्थानों पर दंगल का आयोजन भी किया गया। इस्लाम धर्म में ईद-उल-अजहा कुर्बानी का पर्व है। इस दिन सबसे पहले मस्जिदों व ईदगाहों में जाकर नमाज अदा की जाती है। इसके बाद बकरे या भेड़ की कुर्बानी दी जाती है। बताया गया है कि इस्लाम मजहब में कुर्बानी को बहुत अहमियत हासिल है। यही वजह है कि ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर मुसलमान रब को राजी और खुश करने के लिए कुर्बानी देते हैं। इस्लाम धर्म की मान्यताओं के मुताबिक एक बार अल्लाह ने हजरत इब्राहिम की आजमाइश के तहत उनसे अपनी राह में उनकी सबसे प्रिय चीज कुर्बान करने का हुक्म दिया। अल्लहा के हुकम पर हजरत इब्राहिम अपने सबसे प्यारे बेटे की कुर्बानी देने पर राजी हो गए। बताया गया है कि इस दौरान हजरत इब्राहिम ने जैसे ही अपने बेटे की गर्दन पर छुरी रखी तो अल्लाह के हुकम से उनके बेटे के स्थान पर भेड़ जिबह हो गई। इससे यह पता चलता है कि हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे की मुहब्बत से बढ़ कर अपने रब की मुहब्बत को अहमियत दी। बताया गया है तब से लेकर अल्लाह की राह में कुर्बानी करने का सिलसिला चला आ रहा है।

## खबर संक्षेप



### डीएलएसए ने लगाए जागरूकता शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा माननीय सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र नीतिका भारद्वाज के दिशानिदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र द्वारा ट्रैवलर वैन के माध्यम से गांव अजरावर, बसंतपुर, भुस्तथला एवं चम्मुकलां में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता अनिता सैनी एवं पैरा लीगल वॉलंटियर पूनम द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न नालसा योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

### डॉ. अर्चना के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुशी

**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ अर्चना गुप्ता को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पिहोवा विधानसभा क्षेत्र के नेताओं एवं कार्यकतार्ओं में खुशी की लहर है। भाजपा नेताओं ने उनकी नियुक्ति को संगठन के लिए मजबूत एवं सकारात्मक कदम बताते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि डॉ अर्चना गुप्ता एक कर्मठ, ईमानदार एवं संगठन को मजबूत करने वाली नेता हैं।

### भंडारे में लोगों को बांटी आइसक्रीम

**थानेसर।** भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है तो लोग भोजन एवं जलसेवा के अलग अलग तरीके से भंडारे लगा रहे हैं। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता एवं उनके पुत्र महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के पूर्व प्रधान विनय गुप्ता ने लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए सौ फूटा रोड़ पर स्थित श्री बाला जी फिलिंग स्टेशन पर अनोखे तरीके से आइसक्रीम का विशाल भंडारा लगाया।

## सभी 810 बूथों पर तेजी के साथ किया जा रहा कार्य

# जिले में 5 लाख 46 हजार से अधिक मतदाताओं की मैपिंग पूरी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत वर्ष 2002 की मतदाता सूची के साथ मतदाताओं की मैपिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 7 लाख 83 हजार 958 मतदाताओं में से 5 लाख 46 हजार 579 मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है, जोकि लगभग 69.72 प्रतिशत बनता है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में मतदाता सूची को मजबूत करने तथा फर्जी या दोहरे वोटों को हटाने के उद्देश्य से डिजिटल और भौगोलिक मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। जिले में बूथों की संख्या 810 है और बूथों की संख्या के बराबर ही बीएलओ द्वारा यह कार्य किया जा



विश्राम कुमार मीणा।

रहा है। उन्होंने बताया कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 97 हजार 911 मतदाताओं में से 1 लाख 54 हजार 621 मतदाताओं यानी 78.13 प्रतिशत की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 72 हजार 961 मतदाताओं में से 1 लाख 33 हजार 797 मतदाताओं यानी 77.36 की मैपिंग की जा चुकी है। इसी प्रकार थानेसर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 23 हजार 982 मतदाताओं में से 1 लाख 15 हजार 939 मतदाताओं यानी 51.76 प्रतिशत की मैपिंग हो चुकी है। वहीं पिहोवा विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 89 हजार 104 मतदाताओं में से 1 लाख 42 हजार 222 मतदाताओं यानी 75.21 प्रतिशत की मैपिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत बिना मैपिंग वाले मतदाताओं की पहचान कर उन्हें संबंधित मतदान केंद्रों से जोड़ा जा रहा है, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर सत्यापन कार्य भी निर्धारित समयावधि में किया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर नए पात्र मतदाताओं, स्थानांतरित मतदाताओं तथा मृत मतदाताओं से संबंधित विवरण का सत्यापन करेंगे। इसके आधार पर प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

### 1702 ब्लॉकों में जनगणना के पहले फेज का कार्य हुआ पूरा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि देशव्यापी जनगणना के पहले फेज के कार्य को जिला कुरुक्षेत्र में 99.88 फीसदी तक पूरा कर लिया गया है। जिले को जनगणना के लिए 1704 ब्लॉकों में बांटा गया है, इनमें से 1702 ब्लॉकों में जनगणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य करने के लिए 30 मई तक का समय निर्धारित किया गया है, जिसे समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ सबसे पहले कार्य को पूरा करने वाले प्रगणकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। स्व-गणना के चरण के बाद प्रगणकों द्वारा अब घर-घर जाकर गणना का कार्य किया जा रहा है जो कि 30 मई तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसे किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करने में जिला के प्रत्येक परिवार ने पूरा सहयोग दिया। सभी नागरिकों को इस लिए प्रशासन धन्यवाद करता है।

## सुपर 100 : परेशानी होने पर छात्र शिक्षा विभाग से कर सकेंगे संपर्क

*विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधाओं पर खास फोकस*



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सुपर 100 संस्थान बारना में निरीक्षण करते जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि हरियाणा सुपर-100 संस्थान बारना में पढने वाले विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी होने पर वो सीधे जिला शिक्षा विभाग को सूचित कर सकते हैं। परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसएचओ, टोल फ्री नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर भी अंकित किए जाएंगे। शिक्षा विभाग की टीम समय समय पर संस्थान का दौरा करके बच्चों से समस्याओं को जाना करेगी। डीईओ ने अभिभावकों से अपील की है कि वो बच्चों के साथ बातचीत करने के लिए संस्थान के दिए समय के अनुसार मिलें। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक वीरवार को हरियाणा सुपर 100 संस्थान बारना में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे।

### सुपर 100 संस्थान के खिलाफ मानवाधिकार आयोग में भेजी शिकायत

**कुरुक्षेत्र।** बारना गांव में स्थित सुपर 100 संस्थान पर गंभीर आरोप लगे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। कार्यकर्ता ने संस्थान में पढ़ रहे बच्चों पर अमानवीय व्यवहार, मानसिक उत्पीड़न और अवैध रूप से रोककर रखने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं सामाजिक कार्यकर्ता श्वेता ढुल ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को संस्थान की स्थिति के बारे मेल भेजी है। उन्होंने शिकायत में कहा कि सरकार के संरक्षण में चल रहे इस संस्थान में बच्चों को आईआईटी समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है, लेकिन अंदर की स्थिति बेहद चिंताजनक है। श्वेता ढुल ने आरोप लगाया कि कई बच्चों को उनकी इच्छा के विरुद्ध संस्थान में रोका जा रहा है।

## विपिन गोयल बने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दी शुभकामनाएं

कुरुक्षेत्र से अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, अग्रोहा विकास ट्रस्ट, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन एवं महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का विपिन गोयल को हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के प्रधान एवं अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश संगठन सचिव मुनीष मित्तल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल द्वारा युवा एवं जुझारू समाजसेवी विपिन गोयल को हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रदेशभर में अग्रवाल समाज में हर्ष की लहर है। विपिन गोयल लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं तथा विभिन्न महत्वपूर्ण



पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी सक्रिय कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बधाई देने वालों में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश संगठन सचिव मुनीष मित्तल के साथ जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग, श्रीकांत बंसल, अग्रवाल वैश्य अजय गुप्ता,समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला, संजीव गर्ग, विनोद गर्ग आदि मौजूद रहे।

### जल्द खुलेगा महाभारत अनुभव केंद्र, गठित जांच कमेटी ने पूरी की रिपोर्ट

**कुरुक्षेत्र।** ज्योतिसर स्थित महाभारत अनुभव केंद्र को अगले दो सप्ताह में दोबारा शुरू किए जाने की उम्मीद है। प्रशासन केंद्र को फिर से चालू करने की तैयारी में जुट गया है। साथ ही एडीसी विवेक आर्य की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी लगभग पूरी कर ली है। कमेटी की जांच में सामने आया है कि बी-ब्लॉक के जिस बेसमेंट में सोलर सिस्टम से जुड़ी बैटरियां रखी गई थी, वहां पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं था। भीषण गर्मी के कारण बैटरियों में केमिकल रिएक्शन हुई। जिससे पहले एक बैटरी फटी। इसके बाद सिलसिलेवार धमाके शुरू हो गए और कई अन्य बैटरियां भी फटती चली गईं। जांच में यह भी सामने आया है कि हादसे के समय बेसमेंट में 250 से ज्यादा बैटरियां रखी हुई थी।

## महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर

**अपराध नियंत्रण पर एसपी सख्त, पुलिस अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में जिले के सभी डीएसपी, थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्जों, मुंशियों एवं मालखाना मोहर्ररों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले में बढ़ते अपराधों, लंबित मामलों तथा कानून व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें तथा लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। गोष्ठी में



चोरी, लूट, नशा तस्करी, साइबर अपराध, महिला अपराध और सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों पर विशेष चर्चा की गई। चन्द्र मोहन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और महिला संबंधी शिकायतों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई हो। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के आदेश भी जारी किए गए।

### गायत्री महायज्ञ भारतीय संस्कृति और लोकमंगल की महान परंपरा: विद्या गिरी



**पिहोवा।** मॉडल टाउन स्थित श्रीदक्षिणा काली पीठ धाम में श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी महाराज द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु प्रतिदिन यज्ञ में आहुति देकर परिवार, समाज और विश्व कल्याण की कामना कर रहे हैं। धार्मिक प्रवचनों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। महामंडलेश्वर विद्या गिरी महाराज ने कहा कि गायत्री महायज्ञ भारतीय संस्कृति और लोकमंगल की महान परंपरा है। इससे मन को शांति मिलती है तथा अच्छे संस्कारों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु को समर्पित अत्यंत पुण्यदायी मास माना जाता है। इस दौरान जप, तप, दान, यज्ञ और सत्संग का विशेष महत्व होता है। इस पवित्र समय में आयोजित गायत्री महायज्ञ व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास, मानसिक सुकून और आध्यात्मिक प्रेरणा का संचार करता है। इस मौके पर महंत सर्वेश्वरी गिरी, स्वामी महेश पुरी, महंत कमला पुरी, स्वामी लखनपुरी, स्वामी आशुतोष पुरी, स्वामी धीरज पुरी, स्वामी माधवपुरी, समाजसेवी विपिन काहड़ा, सरपंच विकल चौबे, बलराम शर्मा, पंडित संजय पौलस्त्य, विवेक पौलस्त्य, वीके जी, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र (2025-26) के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. दीपक शर्मा, एम. डी. मेडिसिन, सिद्धार्थ हॉस्पिटल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. दीपक शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संदेश में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज का युग कड़ी प्रतिस्पर्धा का है, लेकिन दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। परीक्षा में अंक प्राप्त करना सफलता का एक पड़ाव है, असली परीक्षा जीवन में अपने ज्ञान का सही उपयोग करना है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं, इसलिए अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक और बड़ा रखें। जीवन में कभी भी असफलताओं से घबराएं नहीं, बल्कि उन्हें एक सीख मानकर दुगनी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों ही जीवन के मजबूत स्तंभ हैं; एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। अनुशासित रहकर और अपने गुरुजनों व माता-पिता का सम्मान करते हुए आप जीवन के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

### कार्यशाला में प्राणायाम में निहित पांच प्राणों के विषय पर दी जानकारी



**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में वीरवार को योग कर्मों में कुशलता है विषय पर विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। योगः कर्मसु कौशलम् भाव के साथ शिक्षकों ने कार्यशाला में भाग लिया। सीबीएसई द्वारा आयोजित कार्यशाला में योग को केंद्रित किया गया है। वीरवार को कार्यशाला का शुभारंभ योग सत्र से हुआ। इस मौके पर श्री जयराम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष एवं पूर्व आयुक्त टीके शर्मा के कुशल निर्देशन में करीब चार घंटे तक चले इस विशेष सत्र में सर्वप्रथम योग के महत्व एवं अष्टांग योग और उसके नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात प्राणायाम में निहित पांच प्राणों के विषय में विस्तार से समझाया गया। साथ ही ओम शब्द के सही उच्चारण एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। क्रियात्मक सत्र में टीके शर्मा द्वारा अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं विभिन्न योग मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया गया। सत्र के अंत में शिथिलीकरण योग व मेडिटेशन का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय की प्रिंसिपल डा. सुदेश रावल और जयराम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने भी अध्यापिकाओं के साथ सत्र में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर डा. सुदेश रावल ने टीके शर्मा का इस अद्वितीय योग सत्र के लिए आभार व्यक्त किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष बने जसमेर भटेड़ी



**कुरुक्षेत्र।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसमेर भटेड़ी विधायक मनदीप सिंह चट्ठा और अन्य कांग्रेसियों के साथ।

**कुरुक्षेत्र।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जसमेर भटेड़ी ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा एक साधारण कार्यकर्ता पर जताया गया विश्वास उनके लिए गर्व और बड़ी जिम्मेदारी का विषय है। जसमेर भटेड़ी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह तथा प्रदेश प्रभारी बी. के. हरिप्रसाद का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से कार्य करेंगे। साथ ही आम जनता की समस्याओं और आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। जसमेर भटेड़ी ने विशेष रूप से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा पिहोवा के विधायक मनदीप सिंह चट्ठा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के चेयरमैन डॉ. सुनील पवार तथा प्रदेश अध्यक्ष फोम लाल का भी आभार जताया।



### नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने सुंदरपूर में उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सेवाएं

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद बनकर उभर रही हैं। ह्यस्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियानह्व के अंतर्गत वीरवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट थानेसर विधानसभा क्षेत्र में सुंदरपुर पहुंची, जहां ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। डॉ. पूर्णमल के अनुसार शिविर के दौरान ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। शिविर में 73 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 5 लोगों के रक्त परीक्षण भी मौके पर ही किए गए। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन की यह पहल लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में वर्तमान में पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स लगातार सेवाएं दे रही हैं, जिससे दूरदराज के गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो रही है।

**कार्यक्रम** गुरुकुल में हार्ड पावर वर्सिज सॉफ्ट पावर विषय पर रोमांचक वाद-विवाद प्रतियोगिता

## प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण : डा. प्रवीण

अंतरराष्ट्रीय राजनीति, कूटनीति, सैन्य शक्ति, पर तर्क किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के एनडीए ब्लॉक में विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हार्ड पावर वर्सिज सॉफ्ट पावर विषय पर प्रभावशाली वाद-प्रतिवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एनडीए ब्लॉक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने तार्किक विचारों, आत्मविश्वास एवं ओजस्वी वक्तृत्व शैली से सभी को प्रभावित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान दोनों पक्षों के वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति, कूटनीति,



**कुरुक्षेत्र।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों शौर्य कुमार, जागृत महिन्द्र, हर्ष लाठर, आदित्य चौधरी तथा संज कुमार को बेस्ट स्पीकर के खिताब से सम्मानित करते निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार।

सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक प्रभाव तथा वैश्विक नेतृत्व जैसे विषयों पर अपने-अपने तर्क मजबूती के साथ प्रस्तुत किए।

### विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट मेधा का दिया परिचय

विद्यार्थियों ने हार्ड पावर और सॉफ्ट पावर की उपयोगिता, प्रभाव तथा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में उनकी भूमिका पर गंभीर चर्चा करते हुए अपनी उत्कृष्ट मेधा का परिचय दिया। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह ज्ञानवर्धक, उत्साहपूर्ण और रोमांच से भरपूर रहा। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, मंच संचालन कौशल और विषय की गहन समझ की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग के संजीव कुमार, गौरव शर्मा एवं अजय कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों के तर्क, भाषा शैली, प्रस्तुतीकरण और विषय की समझ के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर एनडीए ब्लॉक के फीजिकल इंस्ट्रक्टर सूबेदार बलवान सिंह एवं अशोक चैहान भी मौजूद रहे। एल्फा एवं ब्रावो स्क्वाड्रन के विद्यार्थियों के बीच हुए इस अत्यंत रोचक मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद ब्रावो स्क्वाड्रन ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों शौर्य कुमार, जागृत महिन्द्र, हर्ष लाठर, आदित्य चौधरी तथा संज कुमार को बेस्ट स्पीकर के खिताब से सम्मानित किया। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### 91 एकड़ जमीन पट्टे पर देगा नगर निगम

**अंबाला।** नगर निगम अपनी करीब 91 एकड़ कृषि भूमि को पट्टे यानि ठेके पर देगा। इसके लिए आगामी 2 से 4 जून तक अलग-अलग गांवों में खुली बोली का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने साफ किया है कि निगम का कोई भी डिफाल्टर या बकायादार व्यक्ति इस बोली में हिस्सा नहीं ले सकेगा। नगर निगम एमई राजकुमार और बिल्डिंग इंस्पेक्टर राजीव विज ने बताया कि बोली की प्रक्रिया 2 जून को सुबह 10 बजे लोहगढ़ से शुरू होगी। इसी दिन डंगडेहरी, डडियाना और देवीनगर में भी बोलियां लगेंगी। 3 जून को घेलखुर्द, घेलकलां, लिहारसा और कालूमाजरा और 4 जून को सिंघावाला, सौंडा और कांवला गांव की जमीन के लिए खुली बोली होगी। कांवला गांव में सबसे ज्यादा 34 एकड़ भूमि पट्टे पर दी जानी है।

### निगम ने अतिक्रमण अभियान चलाया

**अंबाला।** नगर निगम ने सिटी में नहान हाउस चौक, सब्जी मंडी, दो खंभा चौक से मंजी साहिब गुरुद्वारे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। वार्ड नंबर-7 की सफाई दरोगा अंजू बाला टीम के साथ पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मौके पर पहुंचीं। अभियान के दौरान दुकानदारों द्वारा सड़कों के बीच रखा गया सामान और अस्थायी ढांचे हटाए गए। इससे आवागमन बाधित हो रहा था। निगम ने कई दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। निगम की टीम ने सड़कों पर रखे मिले सामान को उठाकर ट्रॉली में डाला। निगम टीम ने दुकानदारों से कहा कि कुछ दुकानदारों का सामान जब्त किया गया है।

### सड़क पर जमा गंदे पानी से राहगीरों की परेशानी बढ़ी

**अंबाला।** अंबाला शहर में महावीर पार्क के पास मुख्य सड़क किनारे कई दिनों से गंदा पानी जमा है, जिससे राहगीरों और वाहन-चालकों को रोजाना परेशानी हो रही है। सड़क पर पानी भरा रहने से दोपहिया वाहन चालकों के लिए किनारे से निकलना जोखिमभरा बन गया है, वहीं पैदल चलने वालों को भी गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में जमा पानी से बदबू फैल रही है और आसपास मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण समस्या लगातार बनी हुई है।

### वेतन भुगतान में देरी पर कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अंबाला।** वेतन भुगतान में देरी और नौकरी सुरक्षा की मांग को लेकर अनुबंधित कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मियों ने प्रदर्शन किया। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुए विरोध में लगभग 40 कर्मचारी शामिल रहे। कर्मियों का आरोप है कि उन्हें दो माह से वेतन नहीं मिला, जिससे घर-खर्च, किराया और अन्य जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन के दौरान विभाग और सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुई और हर माह 7 तक वेतन जारी करने के साथ नौकरी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठी। यूनिट प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि अधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## मेयर अक्षिता सैनी के साथ 20 वार्ड पार्षदों ने ली शपथ

# अंबाला के उज्ज्वल भविष्य के लिए नहीं होगी धन की कमी : मुख्यमंत्री

### पिछले 12 वर्षों में अंबाला शहर में सड़कों का जाल बिछा, पेयजल व्यवस्था मजबूत हुई, सीवरेज नेटवर्क का हुआ विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मेयर अक्षिता सैनी व शपथ लेते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला शहर के एसए जैन कॉलेज के सभागार में पहुंचकर नवनिर्वाचित मेयर अक्षिता सैनी व सभी सदस्यों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेयर व सदस्यों के सहयोग से अंबाला शहर में विकास और तेजी से होगा। शहर और सुन्दर एवं विकसित होगा। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भी नवनिर्वाचित मेयर को पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उन्होनें सभी सदस्यों के साथ समूह चित्र भी करवाया। इस अवसर पर अंबाला मंडलायुक्त संजीव वर्मा ने नवनिर्वाचित मेयर व सदस्यों को शपथ भी दिलवाई। पिछले वर्षों में अंबाला में सडक़ों का जाल बिछा, पेयजल व्यवस्था मजबूत हुई, सीवरेज नेटवर्क का विस्तार हुआ है। अब यह यात्रा और तेज होनी वाली हैं। चुनाव के दौरान हमने जो संकल्प जनता के सामने रखे थे, उसे धरातल पर लागू करने का काम हमें करना हैं। आइए हम सब मिलकर एक नए अंबाला का निर्माण करें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों के चलते आज देश विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है।


### भाजपा राजनीति सत्ता नहीं, जनसेवा की पार्टी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह अंबाला के उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत का ऐतिहासिक क्षण है। मैं अंबाला की जागरूक जनता को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पर अपना अटूट विश्वास जताते हुए विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति को समर्थन दिया। यह जीत अंबाला के विकास की जीत है। उन्होंने नवनिर्वाचित मेयर व सदस्यों को कहा कि जनता ने आपको सम्मान के साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी दी है, इस जिम्मेदारी को आप सब निष्ठा भाव से निभाएं। मैं प्रदेश का मुख्यमंत्री होने के नाते आपको विश्वास दिलाता हूं कि अंबाला शहर के विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी की राजनीति सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मूल मंत्र दिया। उसी सोच को लेकर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने जो कहा वह करके दिखाया है।

### कार्यक्रम में ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित

इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला, मेयर अक्षिता सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसपी अजीत सिंह शेखावत, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसडीएम दर्शन कुमार, एएमसी दीपक सूरा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार, यमुनानगर मेयर सुमन बहमनी, सदस्य विशाल राणा, वर्षा रानी, मनीष आनंद, वरिन्द्र नाथ, राजेश मेहता, अर्चना छिब्बर, मोनिका मल, शिवानी सूद, कविता रानी, कमलकांत गुप्ता, शोभा सिंह पुनिया, निकुंज चावला, गुरप्रीत सिंह शाना, हितैष जैन, सपना, गुंजीत कौर, पूनम देवी, मनोज कुमार, पुनित के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# अनहद ने प्रदेश के मॉडल स्कूलों में पाया प्रथम स्थान



अंबाला। अनहद कौर को मिठाई खिलाते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

- नॉन-मेडिकल संकाय में प्राप्त किए 98 .2 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मंजिल को पाने की चाह और अगर हौंसले बुलंद हों तो नामुमकिन कुछ भी नहीं। यह बात बेटी अनहद कौर ने साबित कर दी है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली इस बेटी ने पूरे प्रदेश में सभी मॉडल संस्कृति स्कूलों में पहला स्थान हासिल कर अंबाला का नाम रोशन कर दिया। सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल नन्यौला की छात्रा अनहद कौर अंटाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉन-मेडिकल संकाय में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अनहद की इस सफलता पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने अनहद के माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि छात्रा की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनहद कौर अंटाल की उपलब्धि न केवल अंबाला बल्कि पूरे हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा इस प्रकार के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करना यह दर्शाता है कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और आज सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी हर क्षेत्र में निजी स्कूलों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। परिणाम को लेकर अनहद भी बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को लेकर भ्रम फैलाया जाता है। सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों के मुकाबले ज्यादा अवसर मिलते हैं। अनहद ने इस मौके पर अपने शिक्षकों व परिवार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि अनहद कौर ने बच्चों के लिए नई मिशाल दी है।

# बकरीद त्याग, बलिदान और इंसानियत का त्योहार : इमाम

- मस्जिदों में मुस्लिम समाज ने अमन-चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक श्रद्धा, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अल्लाह की इबादत कर अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी तथा एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। गांव तंदवाल, मुलाना, सिरसगढ़, जलूबी और अन्य क्षेत्रों में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विशेष नमाज अदा की। नमाज के दौरान देश में भाईचारे, आपसी सौहार्द और तरक्की की दुआ की गई। मस्जिदों के बाहर सुबह से ही रौनक देखने को मिली और बच्चों में भी त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। गांव तंदवाल के इमाम ने बताया कि बकरीद त्याग, बलिदान और इंसानियत का पर्व है। यह त्योहार हमें जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में प्रेम व भाईचारे की भावना को मजबूत करने की सीख देता है।

### प्राइवेट कंप्यूटर सेंटर के छात्रों और स्टाफ ने बुझाई राहगीरों की प्यास

**बराड़ा।** आरसीसी कंप्यूटर सेंटर की ओर से राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। इस सेवा कार्य में सेंटर के स्टाफ और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राह चलते लोगों की प्यास बुझाकर मानवता का संदेश दिया। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सेंटर परिसर के बाहर विशेष रूप से ठंडे और मीठे पानी की व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही सेंटर के छात्र-छात्राएं और स्टाफ सदस्य सेवा कार्य में जुट गए। राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों, दुकानदारों और बाजार से गुजरने वाले लोगों को प्रेमपूर्वक ठंडा पानी पिलाया गया। भीषण गर्मी में अचानक मिली इस राहत से लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने इस नेक पहल की सराहना की। इस मौके पर सेंटर संचालक गुरदेव सिंह ने कहा कि समाज सेवा केवल बड़े आयोजनों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि छोटी-छोटी कोशिशें भी लोगों को राहत पहुंचाने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि गर्मियों में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाना सबसे बड़ी सेवा मानी जाती है और इसी भावना के साथ यह छबील लगाई गई है।

# शहर की बादशाही मस्जिद में मनाई ईद, अमन-शांति के लिए मांगी दुआएं

- रब की मोहब्बत में अजीज चीज की कुर्बानी के लिए रहना चाहिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। बकरीद के मौके पर मौजूद मुस्लिम समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के रणजीत नगर स्थित बादशाही बाग मस्जिद में ईद- उल-जुहा (बकरीद) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ईद की नमाज हाफिज व कारी मौलाना मोहम्मद मुबस्थिर रजा ने पढ़ाई और बड़ी तादाद में एकत्र हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने अमन और शांति की दुआ की। मौलाना मोहम्मद मुबस्थिर रजा ने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, किसी की भी धार्मिक भावना को आहत नहीं करना चाहिए। रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी के प्रधान मोहम्मद मेराज आलम ने बताया कि ईद दो पैगंबरों इस्माइल व इब्राहिम की बेमिसाल कुबार्नी की याद में मनाई जाती है। ईद पर गरीबों व जरूरतमंदों का ख्याल रखना इस्लाम ही नहीं बल्कि इंसानियत का अव्वल फर्ज है । मेराज आलम ने कहा कि इस महीने में दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय के लोग हज यात्रा में जाते हैं।



### 10वीं व 12वीं के 154 मेधावियों को मिला सम्मान

**शहजादपुर।** प्रदेश सरकार के उपक्रम हारट्रॉन एडवांस्ड स्किल सेंटर द्वारा "सम्मान समारोह – 2026" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के उन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना था जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से कुल 154 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनकी मेहनत, लगन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर मुकेश बजाजने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, निरंतर मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# जीवन में शौक बनकर आता है नशा फिर शोक में हो जाता तब्दील : वर्मा

- कार्यक्रम में 56 चालक प्रशिक्षुओं, 5 चालकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। नशे के खिलाफ शपथ लेते प्रशिक्षु चालक व अन्य कर्मचारी।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से अंबाला शहर के चालक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 112 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे। चालक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी संदीप कुमार एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में यह जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें 56 चालक प्रशिक्षुओं, 5 चालकों और 10 से अधिक अन्य कर्मियों ने भाग लिया। वर्मा ने बताया कि प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन को भीतर तक निष्क्रिय कर रहे हैं। नशा मनुष्य के जीवन में शौक बनकर आता है। उसके जीवन का अंत शोक में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती।



### पूर्व पीएम नेहरू को दी कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि

**शहजादपुर।** कांग्रेस संगठन महासचिव दीपक राणा ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखने का कार्य किया। उन्होंने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच, शिक्षा और विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का काम किया, जिसे देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू का जीवन देश सेवा, भाईचारे और प्रगतिशील सोच का प्रतीक था। आज आवश्यकता है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर देश की एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करें।

### थार में सवार होकर आए चोर, सेक्टर 9 में घर के बाहर खड़ी इनोवा क्रिस्टा चोरी कर फरार

**अंबाला।** शहर के सेक्टर-9 में चोरों ने एक कोठी के बाहर खड़ी सफेद रंग की इनोवा क्रिस्टा गाड़ी चोरी कर ली। वारदात पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यादविंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी इनोवा क्रिस्टा गाड़ी को हमेशा की तरह 26 मई की रात करीब 9 बजे घर के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह जब वे उठे तो गाड़ी गायब थी। जब उन्होंने पड़ोसी के घर का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो रात करीब 3:38 बजे एक थार गाड़ी आकर रुकती है। उसमें से कुछ लड़के उतरते हैं और इनोवा गाड़ी की बाईं तरफ की अगली खिड़की का शीशा तोड़कर उसे चोरी कर ले जाते हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि गाड़ी के जरूरी कागजात भी अंदर ही रखे हुए थे। हालांकि सुबह चोरी हुई इनोवा जग्गी सिटी सेंटर के पास लावारिस हालत में मिल गई। जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की दरखास्त के आधार पर चोरी की धारा 305 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सर्वसम्मति से कपिल मलिक प्रधान मनोनित

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक सफीदों डिवीजन के मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान संजय सैनी ने की। जबकि मंच का कुशल संचालन डिवीजन सचिव ललित वर्मा द्वारा किया गया। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश कार्यकारिणी से सचिव लोकेश, जिला जींद के अध्यक्ष मोती मोर मौजूद रहे। इस बैठक का उद्देश्य सफीदों सब अर्बन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से प्रधान कपिल मलिक, उप प्रधान विजेंद्र, सचिव राजवीर सिंह, सहसचिव अनिल निम्नाबाद, कैशियर मनीष लॉरेंस, संगठन कर्ताराजेंद्र को मनोनित किया गया।

## गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का भी लिया संकल्प

# इंसानियत व मोहब्बत का संदेश देता है ईद-उल-अज़हा

### साईं तवक्कल शाह, मस्जिद लक्खी शाह, मस्जिद मक्का, मस्जिद मदीना में अदा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। बकरीद का त्यौहार मनाते मुस्लिम समाज के लोग।

ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का त्योहार बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों हज़रत साईं तवक्कल शाह (जामा मस्जिद), मस्ज़िद लक्खी शाह, मस्जिद मक्का, मस्जिद मदीना, मस्जिद बादशाही बाग, मस्जिद नसीर-उल-ओलिया, मस्जिद उस्मानी, मस्जिद ईदगाह में नमाज अदा की गई। मस्जिदों में मुल्क में अमन व चैन के लिए भी दुआ की गई। नमाज अदा करने के बाद अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन सोसायटी के जिला सदर सैयद अहमद खान ने सभी प्रदेश वासियों को ईद-उल-अज़हा (बकरीद) की मुबारकबाद दी। इस याद को ताजा करने के लिए यह त्योहार हजरत इब्राहिम के जरिए अपने लडके बेटे हज़रत इस्माईल की अल्लाह की राह मे कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है जिसका जिक्र मुकददस कुरान में है। तर्क और कुर्बानी की इसी मिसाल की याद में तमाम दुनिया के मुस्लमान मक्का मुकर्रमा में हाजिर होकर हज का फरीजा अदा करते हैं। हमें अपने त्योहारों से प्रेम का संदेश प्राप्त करना चाहिए।

### हजरत इब्राहिम अल्लाह तआला के सच्चे पैगंबर

खान ने कहा कि हजरत इब्राहिम अल्लाह तआला के बड़े सच्चे पक्के पैगंबर हैं। लेकिन हजरत इब्राहिम के पास कोई औलाद नहीं थी। हजरत इब्राहिम ने अल्लाह तआला से दुआ की कि मुझे नेक औलाद अता फरमा। अल्लाह तआला ने अपने पैगंबर की इस दुआ को कबूल फरमाया और नेक औलाद अता फरमाई। यानि अल्लाह तआला ने हजरत इब्राहिम को हजरत इस्माईल अता फरमाए। जब हजरत इस्माइल जवान हो गए तो वह अपने अब्बा (पिता) के साथ काम काज में हाथ बटाने लगे। हज़रत इब्राहिम ने खवाब (सपना) देखा कि अल्लाहा तआला ने फरमाया कि ऐ इब्राहिम हमारे रास्ते में वो चीज कुरबान करो जो तुमहे सबसे ज्यादा प्यारी हो। जब हजरत इस्माइल को कुर्बान करना शुरू किया तो फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने हजरत इब्राहिम के बेटे को हटाकर उस छुरी के नीचे मैमने (बकरा) के जिबह होने के साथ पहली कुर्बानी हुई।